वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 347 रविवार 16 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

# आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश के लिए पुलिस करे प्रभावी कार्रवाई: गहलोत

**गहलोत ने विभिन्न परिस्थितियों एवं घटनाओं में शव को लेकर धरने पर बैठने, रास्ता रोकने तथा कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पीड़ित परिवार को गुमराह किया जाता है तथा पुलिस व प्रशासन के प्रति भड़काने का कार्य किया जाता है।**



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश के लिए प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस का पूरा ध्यान अपराधी को पकड़कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने पर होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए दृष्टिकोण के साथ आपराधिक मामलों की जांच एवं मॉनिटरिंग करने के साथ ही अपराधियों को सजा दिलवाकर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलवाना सुनिश्चित करें, ताकि अपराधियों में भय व्याप्त हो। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों राजस्थान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का प्रदेशभर में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है तथा आपराधिक दर में निरंतर कमी आई है।

## पीड़ित परिवार को गुमराह करने वालों पर होगी कार्रवाई

गहलोत ने विभिन्न परिस्थितियों एवं घटनाओं में शव को लेकर धरने पर बैठने, रास्ता रोकने तथा कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पीड़ित परिवार को गुमराह किया जाता है तथा पुलिस व प्रशासन के प्रति भड़काने का कार्य किया जाता है। इससे क्षेत्र की कानून व्यवस्था बिगड़ने के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गहलोत ने निर्देश दिए कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई मामलों में सामाजिक दबाव के कारण पीड़ित परिवार हॉस्टाइल हो जाते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी स्थितियों में वैज्ञानिक तरीकों से साक्ष्य जुटाकर कर आरोपियों को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। गहलोत ने कुख्यात अपराधियों पर इनामी राशि बढ़ाने तथा पुलिस की इंटेलिजेंस विंग को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए।

गहलोत ने अधिकारियों को पुलिस व प्रशासन को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नासिर और जुनैद हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने पर पुलिस की सजगता को सराहा। बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए राजस्थान पुलिस की टीम ने 7 राज्यों में छापेमारी की तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनंद कुमार, एडीजी एसओजी-एटीएस अशोक राठौड़, एडीजी क्राइम दिनेश एमएन, एडीजी इंटेलिजेंस एस. सेंगथिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**नए दृष्टिकोण के साथ आपराधिक मामलों की जांच एवं मॉनिटरिंग करने के साथ ही अपराधियों को सजा दिलवाकर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलवाना सुनिश्चित करें...**

## देवास एवं बडवानी के सांसद ने नेमीसागर कालोनी जैन मंदिर के दर्शन किये



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मध्य प्रदेश राज्य के देवास एवं बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुमेर सिंह सोलंकी एवं महेन्द्र सिंह सोलंकी ने नेमीसागर कालोनी स्थित जैन मंदिर के दर्शन कर देश की तरक्की और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि इस अवसर पर सांसदगण ने जैन धर्म के सिद्धांतो को आत्मसात करने एवं जीवन में उतारने पर जोर दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश भाजपा नेता नितिन कश्यप, धीरज ठाकुर, महेश चौहान, कुशाल मोरमाकर, संजय कटारिया तथा मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यवसाई विजय पाटोदी भी साथ थे। समिति के मंत्री प्रदीप निगोतिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा हंसराज गंगवाल, पदम पहाड़िया, संजीव कासलीवाल, राजेंद्र सेठी, पूनम ठोलिया, विजय जैन, विपिन गोधा, वीरेन्द्र गोधा, विपिन पाटनी एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# जैन प्रीमियर लीग में हुए रोचक मुकाबले

## सोशल ग्रुप शिखर, अहिंसा व आगम ने रोमांचक पारी खेली और जीत दर्ज की

**संजीव जैन संजीवनी. शाबाश इंडिया।**

इंदौर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर रीजन की 16 टीम के बीच चल रहा मोयरा जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दूसरे दिन 8 मेच सम्पन्न हुए। टूर्नामेंट चेयरमैन लोकेंद्र गंगवाल व रीजन अध्यक्ष वितुल अजमेरा ने बताया कि आज का पहला मैच शिखर एवं पुष्प ग्रुप के बीच हुआ,जिसमें शिखर ग्रुप 46 रन से विजेता हुआ। दूसरा मैच डायमंड और अहिंसा सोशल ग्रुप के बीच खेला गया जिसमें अहिंसा ग्रुप के सभी सदस्यों ने दमदार पारी खेलकर शानदार जीत दर्ज करी। तीसरा मुकाबला आगम ग्रुप और ब्रिलियंट ग्रुप के बीच खेला गया जिसमें आगम के खिलाड़ियों ने अपनी टीम को जीत दिलाई। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, राजेश दद्दू एवं संजीव जैन संजीवनी ने बताया कि मोयारा जीपीएल 2023 इंदौर लीग में खेल भावना के जोश से ओतप्रोत सभी 16 टीमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है। खिलाड़ियों को मैन ऑफ मैच, बेस्ट बोलर, बेस्ट बैट्समैन की ट्राफी दी गई। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय सलाहकार व JPL के मुख्य स्पान्सर श्री धर्मेंद्र जैन सीनकैम महासचिव विपुल बाँझल, रमेश बड़जात्या,डी के जैन, रितेश पाटनी ,संजय पापड़ीवाल ,ऋषभ जैन , नवीन जैन, अनिल जैन, रविस जैन, सचिन भाई जी, विकास रारा विशेष रूप से उपस्थित थे ।










# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवाकर द्वारा वियतनाम की यात्रा रवाना





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 अप्रैल 2023 से 24 अप्रैल 2023 तक दी.जैन सोशल ग्रुप, नवकार के 41 सदस्यों द्वारा वियतनाम की यात्रा पर प्रस्थान किया गया। सदस्यों को स्वागत हेतु श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी, श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद महावीर स्कूल के अध्यक्ष, उमराव मल जी संघी, राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष, राजेश बड़जात्या, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बीलाला, जयपुर सिटी ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर प्रेम चन्द छाबड़ा, ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष नवीन सेन जैन, सचिव, गिरीश कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार बाकलीवाल, पूर्व अध्यक्ष, महावीर कुमार बाकलीवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सभी सदस्यों को तिलक लगा कर माला पहनाकर कर स्वागत किया गया एवं मंगलमय यात्रा हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई। ग्रुप की मुख्य परामर्शक चन्द्र कांता छाबड़ा द्वारा सभी सदस्यों को नाश्ता करवाया गया तिलक सोमा जैन धर्मपत्नी गिरीश कुमार जैन द्वारा किया गया। अध्यक्ष,मोहनलाल गंगवाल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों का सम्मान किया गया एवं यात्रा पर जाने वाले सदस्यों के लिए मंगल कामना की गई। महेन्द्र कुमार पाटनी, उमराव मल संघी, राजेश बड़जात्या, अतुल बिलाला, प्रेम चन्द छाबड़ा, नवीन सेन जैन एवं अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया।

## भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति, नरेश जैन पुन: क्षेत्रीय अध्यक्ष बने







**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

भारतीय जैन मिलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सत्र 2023-24 के लिए क्षेत्र क्रमांक 12 में क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन अशोकनगर ,कार्यकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. एस. सी.जैन गुना एवं क्षेत्रीय मंत्री इंजी. पी. के.जैन गुना को मनोनीत किया है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारिल्ल राघोगढ़, कमल हाथीशाह एवं अनिल जैन भोपाल, विनोद जैन भारिल्ल एवं सुनील जैन धन्नू अशोकनगर एवं के सी जैन देवास को बनाया गया है। वरिष्ठ नेतृत्व ने अनुभव एवं सक्रियता को देखते हुए इन सभी को यह जबाबदारी सोंपी है। इस मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन गुना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय जैन पत्रकार राघौगढ़, विनय जैन गुना एवं सुभाष जैन केंची बीड़ी अशोकनगर,संयुक्त मंत्री शीतल चंद कठारी ,आनंद गांधी एवं महेंद्र कडेसरा , जैन मिलन सेंट्रल शाखा अध्यक्ष जितेंद्र जैन मंत्री विपिन बाँझल जैन वरिष्ठ सदस्य, पदम जैन, प्रमोद छाया, राजेश तारई , शिखर बड़कुल,डॉ. पारस जैन,सन्तोष सिन्नी, संजय चौधरी,सन्तोष तारई, जैन मिलन पार्श्व शाखा अध्यक्ष जीतू जैन,मंत्री नीरज तारई, राजेश राजू,अरविंद जैन ,सुयोग भूसा प्रवीण जैन,शाढ़ौरा के अनिल बाँझल,डॉ. भरत जैन, राजेन्द्र गोयल आदि ने हार्दिक बधाईयाँ देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना है। ज्ञातव्य है कि भारतीय जैन मिलन के पूरे देश के 19 क्षेत्रों में से क्षेत्र क्रमांक 12 में गुना, अशोकनगर,भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास, विदिशा आदि जिलों में 60 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं।

## भगवान मुनीसुव्रत नाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**अमन जैन कोटखावदा.शाबाश इंडिया**

कोटखावदा। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र कोटखावदा में शनिवार को जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनीसुव्रत नाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रचार-प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि मन्दिर में प्रातःकाल भगवान मुनीसुव्रत नाथ का विधिवत रूप से पंचामृत अभिषेक किया गया और पूजन के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना के साथ शांति धारा की गई। वहीं भगवान मुनीसुव्रत नाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर पूजन के साथ अर्घ्य चढ़ाया गया। राजस्थान जैन महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शाम को सामूहिक महाआरती के बाद मुनीसुव्रत नाथ चालीसा और भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। मंदिर में दिनभर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें जैन धर्मावलंबियों ने बढ़- चढ़ करके भाग लिया। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष महावीर गंगवाल, महामंत्री दीपक वैद, चेतन गंगवाल, राजेश वैद, संतोष गंगवाल, अंजू वैद सहित जैन धर्मावलंबी मौजूद रहे।

# वेद ज्ञान

## जीवन में हमेशा सकारात्मक रहें

ज्ञान, विचार, सत्कर्म, सदाचरण आदि कार्य के लिए निरंतर जागरूक और सचेत रहने की बात मनीषियों ने कही है। जैसे आईने पर निरंतर धूल जमती है और उसे निरंतर साफ करना पड़ता है उसी प्रकार उक्त कार्यों पर देश-काल-परिस्थिति के अनुसार प्रतिकूल असर पड़ता है। अच्छे शास्त्र निरंतर पढ़ते रहने से एक तो ज्ञान ताजा बना रहता है और वक्त-जरूरत पर उसका उपयोग होता रहता है। कोई युग रहा हो, बहुत से उदाहरण हैं कि अनेकानेक देवता, ऋषि, मुनि अपने आदर्श से विचलित हुए हैं। तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना करते समय सात कांडों में पांचवें कांड का नाम सुंदरकांड का नामकरण इसीलिए करने का निर्णय लिया कि इसमें ही नकारात्मकता की प्रतीक लंका पर आक्रमण की योजना है। ज्ञानियों में अग्रणी हनुमान जी नकारात्मकता के केंद्र पर हमला करते हैं। 60 चौपाइयों में 30 तक हनुमान जी लंका में नकारात्मकता और भौतिक प्रवृतियों को जलाने का संघर्ष करते हैं और उसके बाद उस नकारात्मक लंका की सारी गतिविधि की जानकारी मर्यादा के प्रतीक श्रीराम को 31वीं चौपाई के बाद से देते हैं और उस लंका की ओर आदर्श और सदाचरण के कदम श्रीराम बढ़ाने का निर्णय लेते हैं। इस प्रकार इस कांड में नकारात्मकता के खिलाफ सकारात्मक संघर्ष की योजना समाहित है। हर व्यक्ति यदि निरंतर इस दिशा में सचेष्ट रहे तो वह समाज के लिए आदर्श बन जाएगा। पांचवां कांड सुंदरकांड के होने के पीछे यह भी मनोविज्ञान है कि मनुष्य की पांच ज्ञानेंद्रियां ही उसके मन-मस्तिष्क पर अपना प्रभाव डालती हैं। दृश्य, श्रवण, गंध, स्वाद और स्पर्श से ही अनुकूल-प्रतिकूल असर जीवन पर पड़ता है। इसलिए आंख, कान, नासिका, जिह्वा, स्पर्श के मामले में हमेशा सजग रहना चाहिए। अवांछित सुख और आनंद तो अस्थायी है, लेकिन उसका विपरीत असर दूरगामी प्रभाव डालता है। लंबे दिनों की यश-कीर्ति पर आंच आती है। खुद व्यक्ति हमेशा भयाक्रांत रहता है। जिससे उसके स्वास्थ्य पर तो असर पड़ता है और आत्मबल भी कमजोर होता है। अच्छे कामों की चर्चा समाज में देर से होती है। कभी-कभी व्यक्ति के जीवन में नहीं, बल्कि उसके जीवन के अंत होने के बहुत बाद होती है, लेकिन खामियों की चर्चा संक्रामक रोग की तरह फैलती है।

# संपादकीय

## लोकतंत्र की मजबूती सबसे अहम...

तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की ओर से पथ संचलन के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह एक तरह से लोकतंत्र का वह आम सबक है, जिसमें विभिन्न विचारों को जगह देना और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। गौरतलब है कि राज्य में सैंतालीस जगहों पर निकलने वाले पथ संचलन जुलूस के मसले पर राज्य सरकार का कहना था कि वह इसके पूर्ण विरोध में नहीं है, मगर संवेदनशील इलाकों में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। सरकार का यह रुख तब भी बना रहा जब आरएसएस ने इसे लोगों के शांतिपूर्ण जमा होने के मौलिक अधिकार का हनन बताया था। तमिलनाडु सरकार के रुख को खारिज करते हुए मद्रास हाई कोर्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को तय मार्गों से पथ संचलन निकालने की इजाजत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने अपनी दलीलों के साथ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब शीर्ष अदालत ने भी जिस तरह मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, वह एक तरह से राज्य सरकार के लिए झटका है। देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के आलोक में देखें तो इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक बार फिर राजनीतिक आग्रहों-पूर्वाग्रहों पर सोचने और उसमें सुधार का मौका मुहैया कराया है। राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाले किसी संगठन के जुलूस या अन्य कार्यक्रम के आयोजन से उपजने वाली स्थितियों और उसके असर का आकलन करना सरकार की जिम्मेदारी है। वह उसके मुताबिक उसे इजाजत देने या न देने के बारे में अपना रुख करती रही है। लेकिन अगर कोई संगठन पहले ही अपने आयोजन के शांतिपूर्ण होने का भरोसा दे रहा हो, तो उससे किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए! इसके बावजूद सरकार को परिस्थितियों के मद्देनजर कोई गैरकानूनी या अवांछित घटना होने की आशंका है, तो उसे लेकर सजग रहना और उसके मुताबिक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना उसी की जिम्मेदारी है। सिर्फ आशंका के आधार पर किसी आयोजन को बाधित करना एक ओर जहां लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन की स्थितियां पैदा करता है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था तय करने के लिए जवाबदेह तंत्र की जिम्मेदारी पर भी यह एक सवाल है। इस लिहाज से देखें तो तमिलनाडु सरकार का रुख पहले भी सवालों के घेरे में था, अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हमारा देश अलग-अलग विचारों, मतों और समुदायों का ऐसा ठोस समुच्चय है, जिस सबके मिलने से ही इसे मजबूती मिलती है। इसमें भिन्न विचारधाराओं को मानने वाले लोग और समूह अपने विचारों और आस्था के मुताबिक सांस्कृतिक या राजनीतिक गतिविधियां संचालित करते हैं। उससे सहमति रखने वाले लोग ऐसे किसी आयोजन में शामिल होते हैं, बाकी लोगों के लिए भी यह विचारों की भिन्नता भर होती है। परस्पर सहयोग वाले समाज में सद्भाव आधारित आयोजन सामूहिक सामाजिक भावना को मजबूत ही करता है।



**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## अर्थव्यवस्था

तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने के संकेत आ रहे हैं। वैश्विक प्रभावों के बरक्स अपनी स्थितियों के मद्देनजर नीतिगत फैसलों के जरिए संकट का सामना करना इसकी वजह रही है। कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो हालात पैदा होते हैं, उसका असर कमोबेश तमाम देशों पर पड़ता ही है। हालांकि आर्थिक वृद्धि दर के मामले में भारत के रिकार्ड को देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि आने वाले दिनों में इसका आंकड़ा छह फीसद से ज्यादा रहेगा। मगर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपने एक ताजा आकलन में चालू वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 फीसद से घटा कर 5.9 फीसद कर दिया है। कहा जा सकता है कि यह कोई बहुत बड़ा फेरबदल नहीं है, लेकिन आर्थिकी के ढांचे में इतना या इससे भी कम बिंदुओं पर आने वाले फर्क का अर्थव्यवस्था की समग्र तस्वीर पर व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि इस मामले में यह स्थिति अकेले भारत को लेकर नहीं है। आइएमएफ की ओर से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर जनवरी में अनुमान लगाया गया था कि 2024-25 के लिए वृद्धि अनुमान दर 6.8 फीसद रहेगा। लेकिन अब उस पूर्वानुमान को घटा कर 6.3 फीसद कर दिया गया है। जाहिर है, दुनिया भर में उत्पादन और सेवाओं में उपज रही चुनौतियों के मद्देनजर आर्थिक मोर्चे पर जो उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, उसी की पृष्ठभूमि से मंदी के संकेत भी सामने आ रहे हैं। इस वैश्विक उथल-पुथल से शायद चाह कर भी कोई देश अछूता नहीं रह सके। जहां तक भारत का सवाल है, आइएमएफ ने आंकड़ों में भारत में आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट की बात तो कही है, इसके बावजूद उसका कहना है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इससे यही पता चलता है कि अगर कोई देश बुनियादी रूप से अपनी जमीन मजबूत रखता है तो उसे अचानक उपजे उथल-पुथल का सामना करने में भी मदद मिलती है। जिस तरह के आर्थिक झटकों से उबरना दूसरे देशों के लिए कई बार बेहद मुश्किल हो जाता है, उसमें भी भारत न केवल हालात का सामना करता है, बल्कि अपनी रफ्तार को स्थिर बनाए रखने में भी कामयाब रहता है लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर रोजगार के मोर्चे पर मौजूदा स्थिति बनी रही, बड़ी तादाद में लोगों की क्रयशक्ति में लगातार आ रही गिरावट की वजह से मांग में नरमी बनी रही, तो इससे बाजार में प्रदर्शन में कमजोरी आएगी। जाहिर है, इसका सीधा असर उत्पादन में गिरावट और उसके मुताबिक भारत की आर्थिक वृद्धि दर पर पड़ेगा। यह दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी के आखिर में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की ओर से भी देश की कमजोर आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंता जताई गई थी। अगर इसमें सुधार के उपाय नहीं किए गए तो यह स्थिति बढ़ते श्रमबल की जरूरतों को पूरा करने लिए पर्याप्त नहीं रहेगी। साथ ही, पिछले कुछ समय से ब्याज दर ऊंचा होने के कारण ऋणों की मासिक किस्त में बढ़ोतरी हो गई है। स्वाभाविक ही इसका प्रभाव आम परिवारों के रोजमर्रा के खर्चों पर पड़ा है और मांग में गिरावट आई है। यानी अगर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की मांग के मामले में यह स्थिति नहीं सुधरी तो चिंता और बढ़ सकती है।

# विलक्षण है प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ : आचार्य श्री विन्रमसागर






**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज ने प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में जैन पहाड़ी पर स्थित जैन शैलाश्रय एवं उत्कीर्ण आर्ट का दिग्दर्शन करते हुए कहा यह साधना स्थली निश्चित रूप से हजारों वर्षों से आत्म साधना का केंद्र है, यहां सहज ही ध्यान लगता है । विलक्षण पहाड़ी पर आचार्यश्री के शिष्यों ने सामायिक करते हुए यहां की ऊर्जा का परीक्षण किया। निदेशक ब्र. जय कुमार निशांत भैया के द्वारा नवागढ़ विरासत को सहेजने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना आचार्यश्री ने की। प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ जनपद ललितपुर में आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज ने पाषाण की प्राकृतिक शिला के सिंहासन पर ध्यान साधना की। कमेटी के प्रचारमंत्री डॉ सुनील जैन संचय ने बताया कि आहारचर्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक मुनिराजों को पड़गाहन पूर्वक आहारदान कर पुण्यार्जन किया। आचार्यश्री ससंघ के सान्निध्य में अभिषेक व शांतिधारा किया गया। क्षेत्र के अध्यक्ष एडवोकेट सनत जैन ललितपुर, महामंत्री वीरचन्द्र जैन नेकौरा, अशोक मैनवार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।


## श्री नवागढ़ गुरुकुलम का चयन शिविर :


प्रागैतिहासिक नवागढ़ क्षेत्र में संचालित श्री नवागढ़ गुरुकुलम के 2023 के लिए कक्षा छठवीं एवं सातवीं के लिए चयन हेतु त्रिदिवसीय चयन शिविर आयोजित किया जा रहा है जो 16 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक परीक्षण करके प्रवेश दिया जाएगा। गुरुकुलम संस्थापक ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत ने आवाहन किया है सभी अभिभावक अपने छात्रों को जो धार्मिक संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा दिलाना चाहते हैं , वह अपने बच्चों को लेकर उपस्थित होकर बच्चों को धार्मिक संस्कार दिलाने का सौभाग्य प्राप्त करें। विगत वर्ष अध्ययनरत छात्रों को धार्मिक शिक्षा के साथ संभाषण,काव्य ज्योतिष, गीत, संगीत आदि का प्रशिक्षण विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है गया है। सभी अभिभावक गुरुकुलम में अध्ययन करने वाले छात्रों की सफलता से अभिभूत हैं। आचार्य श्री विशुद्ध सागर,आचार्य श्री विनिश्चय सागर,अचार्य श्री सौरभ सागर,आचार्य श्री विनम्र सागर, उपाध्याय श्री विरंजन सागर ने इन छात्रों को समय-समय पर मंगलमय जीवन काआशीर्वाद देकर उपकृत किया है। आप भी अपने बच्चों को धार्मिक शिक्षा अभिषेक, पूजा, संस्कृत संभाषण, स्वाध्याय, कंप्यूटर शिक्षा देने का सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं। गुरुकुलम के महामंत्री डॉ प्रदीप जैन छतरपुर ने छात्रों के वार्षिक महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताएं यथा कैरम, शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी, ऊंची कूद,लंबी कूद, संभाषण, भजन नाट्य कला प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण पुष्प परिवार के द्वारा प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए समिति का आभार व्यक्त किया है। गुरुकुलम के अध्यक्ष श्री राकेश जैन लोटस दिल्ली, उपाध्यक्ष अभय जैन प्रीत विहार दिल्ली, राजेश आदिनाथ चैनल,मुकेश सोनीपत, महामंत्री डॉ प्रदीप जैन, प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय आदि ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

# नेट थिएट पर मूकाभिनय

### भाव-भंगिमाओं से दिखे अभिनेता में अभिनय के रंग

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रम की श्रृंखला में दो कदम संस्था की ओर से अभिनेता नाटक का शानदार प्रदर्शन किया गया जिसमें अभिनय, लेखन एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी आसिफ शेर अली खान ने भाव भंगिमाओं के माध्यम से अभिनय के अनछुए प्रसंगों को जीवंत कर अपने अभिनय की अमित छाप छोड़ी। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि माइम रंगमंच की ऐसी विधा है, जिसमे संवाद नहीं होते, अभिनेता अपनी भाव भंगिमाओं से ही कहानी को प्रदर्शित करता है, जिसे मूकाभिनय कहा जाता है' इस नाटक में कलाकार अपने दर्शकों को आत्मिक रूप से तृप्त करने व उसके मनोरंजन के लिए कितने जतन करता है, दर्शक को श्रेष्ठ मान कर उसे प्रसन्न करने के हर संभव प्रयास करता है।



# अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...



## मार्ग दर्शक सही हो तो.... दीपक भी सूरज का काम कर जाता है...! पृथ्वी पर सबसे बुद्धिमान यदि कोई है तो वह इंसान है।

**शाबाश इंडिया।** प्रकृति ने मनुष्य को बुद्धि और विवेक का अच्छा उपहार दिया है। लेकिन कभी कभी ज्यादा बुद्धि, ज्यादा होशियारी, ज्यादा समझदारी स्वयं पर भारी पड़ जाती है। देखा नही आपने, अच्छे घर के पढ़े लिखे युवक युवतियाँ पथ भ्रष्ट होकर, दिशाविहिन जीवन जी रहे हैं- सिर्फ एक ही कारण है असंतुष्टि का भाव । मैं देख रहा हूँ- आज आदमी के पास इतनी सुख सुविधाएँ हैं, जो उनके बाप-दादाओं के पास भी नहीं थी। हमारे और उनके समय में इतना ही फर्क है- उनके समय, सुविधाओं के अभाव में सुख, आनंद, मौज मस्ती थी। वो आज के समय इतनी सुविधाओं में सुख, शान्ति, आनंद प्रेम, सदभाव का अभाव है। जितना है उससे ओर ज्यादा पाने के लिए हर क्षण मन अशान्त और परेशान रहता है। यदि आप सब कुछ पाने के सपने देख रहे हैं, तो इस जन्म में कभी सुखी नहीं हो सकते। संसार में बुद्धिमान व्यक्ति वही है जो उन वस्तुओं का शोक नहीं करता जो उसके पास नहीं है, बल्कि उन वस्तुओं का आनंद, सुख भोगता है जो उसके पास उपलब्ध है। अक्सर हम उन वस्तुओं का सुख भी नहीं भोग पाते हैं, जो हमारे पास उपलब्ध है। जो नहीं है, उसके लिए अच्छा समय बर्बाद मत करो, बल्कि जो उपलब्ध है उसका सुख आनंद उठाओ। अमृत वचन याद रखें- परमात्मा ने हमें हमारी औकात से ज्यादा दिया है। इसलिए जो मिला है, उसमें खुश होकर जीवन जिओ अन्यथा ये जीवन एक और की चाह में बर्बाद हो जायेगा। फिर तुम कहोगे- दिल के अरमां आँसूओं में बह गये...!!!

**नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

परमपूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद
एवं पूज्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से संस्थापित







श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान
के अन्तर्गत संचालित
संन्त श्री सुधासागर महाविद्यालय एवं छात्रावास
संघी जी मंदिर, सांगानेर जयपुर 302029 (राज.)

प्रवेश सूचना

सादर जय जिनेंद्र

सभी को सूचित करते हुए परम हर्ष हो रहा है कि श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधासागर बालिका महाविद्यालय एवं छात्रावास का नवीन सत्र 1 जुलाई 2023 से प्रारंभ हो रहा है।संस्थान में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी (जो प्रवेश के इच्छुक हैं वे) संस्थान द्वारा आयोजित चतुर्दिवसीय शिविर में सम्मिलित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं ।

1 दिनांक : 20 अप्रैल से 22 अप्रैल 2023
स्थान : महाराष्ट्र
संपर्क सूत्र : स्वरुपा पाटील यड्रावकर 9822837555
भरत मरजे - 9922809051
भरत किनिंगे - 9822238573
अर्चना मगदूम - 9552573949

2 दिनांक : 11 मई से 14 मई 2023
स्थान : श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर, दमोह, मध्य प्रदेश

3 दिनांक : 15 जून से 18 जून 2023
स्थान : श्री दिगंबर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर संत सुधासागर बालिका महाविद्यालय एवं छात्रावास सांगानेर

संपर्क सूत्र

अधिष्ठात्री
शीला जैन डोंड्या
मो. 9314173436

निर्देशिका
डॉ. वंदना जैन
मो. 9351425177

व्यवस्थापक
ज्ञानू मति जैन मो. 8890589298
अंतिमा जैन मो. 8952012323

# नि :शुल्क चिकित्सा जांच व परामर्श शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 अप्रैल 2023 को किड्जी स्कूल, विद्याधर नगर, जयपुर में श्री फाउंडेशन एवं दि. जैन सोश्यल ग्रुप वीर , अंतर्गत ( दिग. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर ) के संयुक्त तत्वावधान में एवं इटरनल हॉस्पिटल जयपुर, शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर, क्लोव डेंटल हॉस्पिटल, वेलोज मेडिकल सॉल्यूशन के सहयोग से मानव सेवार्थ मेगा निःशुल्क चिकित्सा जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन ने बताया




कि शिविर छोटे बच्चों, उनके माता- पिता एवं टीचर्स को समर्पित था। शिविर में सभी रजिस्टर्ड लोगो का निःशुल्क शुगर, ब्लड प्रेशर, मोटापे की जांच, कम्पलीट आई चेक अप, कम्पलीट डेंटल चेक अप, कान के पर्दे की जांच एवं फुल बॉडी चेक किया गया। शिविर के माध्यम से 200 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष - प्रेम गोयल ने बताया कि इस तरह के मानव सेवार्थ कार्य, श्री फाउंडेशन हमेशा करता रहता है। क्लब आनंदम की इसमें सक्रिय योगदान रहा। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता ( IPS ), सीताराम अग्रवाल ( RICCO Chairman ), दिनेश कांवट ( पार्षद ), राजेश बड़जात्या रीजन अध्यक्ष, राधेश्याम अग्रवाल, मक्खन लाल कांडा, श्रीमती संगीता गर्ग (RCPR), श्रीमती ममता शर्मा, सुरेश चंद जैन, पंकज जैन एवं वीर ग्रुप के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# मुनिसुव्रतनाथ भगवान का 1008 कलशों से हुआ महामस्तकाभिषेक



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे के मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन नया मन्दिर, फागी में आज मुनिसुव्रतनाथ महिला मंडल की अगुवाई में मुनि सुव्रतनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव जोर सोर से मनाया गया जैन महासभा मिडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में पूर्व संध्या पर केवल ज्ञान, गोद भराई एवं सोलह स्वप्न कि क्रियाएं हुई तथा 48 दीपकों से भक्तामर पाठ का आयोजन रखा गया साथ ही सुरेश डेठानी -संगीता डेठानी भगवान के माता बने, इसी कड़ी में आज प्रातः अशोक कुमार- श्रीमती कान्ता कासलीवाल , संतोष कुमार , राहुल जैन कासलीवाल वकील परिवार पांडूशिला पर श्री जी का 1008 कलशों से शान्ति धारा एवं महामस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजेंद्र मोदी- श्रीमती आशा मोदी परिवार ने सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सोभाग्य प्राप्त किया, श्रीमती विशु बजाज धर्मपत्नी- प्रकाश बजाज ने (धनपति कुबेर) धन श्री बनने का सोभाग्य प्राप्त किया तथा प्रदीप -श्रीमती मेनका, अंशु, निकिता, केहुल चौधरी परिवार ने श्रीजी का पालना झूलाने का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में बाल ब्रह्मचारिणी दीपा दीदी के दिशा निर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा मुनि सुव्रतनाथ महिला मंडल के द्वारा मुनिसुव्रतनाथ महामंडल विधान की पूजा की गई जिस पर 124 अर्घ्य समर्पित किए गए। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध नारायण लाल सिंघल,मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक - कांता कासलीवाल , संतोष कासलीवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा,सोभाग मल सिंघल, राजाबाबु गोधा, महावीर मोदी, राजेंद्र मोदी,पवन कागला, कमलेश झंडा, कमलेश चौधरी, सुशील कासलीवाल ,जीतू कासलीवाल, ललित मांदी, जम्मू बजाज, सुनिल मोदी, त्रिलोक पीपलू तथा महिला मंडल की मुन्ना कासलीवाल, मुन्ना डेठानी, शोभा झंडा, आशा मोदी तथा टीना मोदी सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# मुनीसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**प्रकाश पाटनी। शाबाश इंडिया।**



भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मुनीसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। आरंभ में मुनीसुव्रतनाथ भगवान एवं अन्य प्रतिमाओं पर श्रावको ने अभिषेक किया। इस उपरांत चांदमल जैन ने मुनीसुव्रतनाथ भगवान पर, ताराचंद अग्रवाल ने शांतिनाथ भगवान पर, अशोक कुमार पाटोदी एवं गोवर्धन अग्रवाल ने पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा की। श्रावक-श्राविकाओ ने मुनीसुव्रतनाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर अर्ध समर्पण किये। इस दौरान बधाई गीत के साथ भक्ति भाव से महिलाएं नृत्य कर महोत्सव को उल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे।

# स्व धर्मचंद अजमेरा की पुण्य स्मृति में कम्प्यूटर उपकरण एवं परिंडो का किया वितरण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** धर्मपरायण सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति स्व श्री धर्म चंद जी अजमेरा की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजनों आलोक - सुनीता , आनन्द- वर्षा अजमेरा ने सामाजिक उत्थान के लिए राजकीय विद्यालय में



सहायतार्थ एक कम्प्यूटर एवम अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की तथा बेजुबान पक्षियों हेतू परिंडा वितरण का आयोजन दिनाँक 15 अप्रैल 2023 को दुर्गा पार्क, दुर्गापुरा में किया। समारोह में नगर निगम के आयुक्त महेंद्र कुमार सोनी ने अपने हाथों परिंडे लगाए एवं वहां उपस्थित लोगों को परिंडो का वितरण किया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद दामोदर मीणा, जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़, कार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र पांड्या, समाजसेवी बाबूलाल चौधरी, जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा, महिला महासमिति त्रिशला संभाग अध्यक्ष चंदा सेठी, दुर्गापुरा महिला मंडल रेखा लुहाड़िया , मंत्री रानी सोगानी, मेट्रो संगिनी अध्यक्ष दीपिका कोटखावदा, अध्यक्ष मैना जैन , राजेंद्र रावका, विजय गुप्ता अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




# मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक महा महोत्सव मनाया



पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया

**कोटा।** परम पूज्य जंगल वाले बाबा मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से निर्मित आर के पुरम स्थित 1008 श्रीमुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक महामहोत्सव शनिवार को हर्षोल्लास के वातावरण में श्रद्धा भक्ति और समर्पण के साथ मनाया गया। अध्यक्ष महावीर जैन सरवाडिया, महामंत्री पवन पाटौदी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन खजुरी ने बताया कि आज सुबह 6 बजे शोभायात्रा निकाली गई। पालकी में मुनिसुव्रतनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य जंबू कुमार, नरेंद्र कुमार बंसल परिवारजन को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा मंदिर परिसर से रवाना होकर मन्दिर के सामने वाले रोड से मोक्षिता डेरी मैन रोड से बीएसएनएल चौराहा,रवि टेंट, डीडी पीएस, होते हुवे बालाजी धाम के सामने से मन्दिर पहुंची। जगह जगह मंगल आरती भक्तो द्वारा उतारी गई। संगीत की सुमधुर धुनों पर भक्तजन झूमते हुवे नृत्य कर रहे थे। मंदिर समिति के कार्याध्यक्ष अनुज गोधा एवम राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि प्रातः काल मंगलाष्टक के बाद स्वर्ण कलश के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य राकेश जैन, श्रीमती संध्या जैन परिवारजन को मिला। मूलनायक भगवान पर 108 रिद्धि मंत्रों के द्वारा शांतिधारा प्रकाश जैन विवेक जैन बंटी परिवारजन ने की। विश्व में शांति की मंगल भावना से की जायेगी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com





# वयसाख वदी दशमी वरनी...

## मनाया जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म व तप कल्याणक, पूजा अर्चना के हुए विशेष आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म व तप कल्याणक शनिवार , 15 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान की पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक 'वयसाख वदी दशमी वरनी, जन्में तिहि द्योस त्रिलोकधनी। सुर मंदिर ध्याय पुरन्दरने, मुनि सुव्रतनाथ हमैं सरनै ।।' एवं तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाये गये। महाआरती के बाद समापन हुआ । आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, कल्याण नगर के श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, वाटिका के मुनिसुव्रतनाथ नवग्रह दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

### सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ मुनिसुव्रतनाथ विधान

जयपुर। सांगानेर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर संघी जी में प्रातः नित्य अभिषेक , शांतिधारा तथा मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन हुआ। मंदिर कमेटी के मंत्री सुरेश कासलीवाल ने बताया कि पूजा प्रसार समिति द्वारा मुनिसुव्रतनाथ विधान किया गया । समिति अध्यक्ष विमल जैन और मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल के अनुसार विधान में सुनील जैन, साकेत जैन, राकेश गोदिका, मुकेश जैन आदि उपस्थित रहे।

# पोद्दार बिजनेस स्कूल में ट्रेनर कंपटीशन आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पोद्दार बिजनेस स्कूल एवं आईएसटीडी जयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईएसटीडी के 53 वे स्थापना वर्ष के उपलक्ष में पोद्दार बिजनेस स्कूल के ऑडिटोरियम में एक ट्रेनर कंपटीशन आयोजित हुआ जिसमें 10 संभागी गण को शॉर्टलिस्ट किए गए तथा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिद्वंद्वियों में प्रथम स्थान पर डॉ शिवा शर्मा द्वितीय स्थान पर मोहित लिंबा तथा तृतीय स्थान पर सुश्री अनुराधा घोष को स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया। अन्य प्रमुख वक्ताओं में डॉ अनिल मेहता तथा डॉ त्रिलोक कुमार जैन के भी व्याख्यान बड़े उत्साही थे । कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आनंद पोदार चेयरमैन पोदार बिजनेस स्कूल ने अपने उद्बोधन में बताया की वर्तमान समय की जरूरत है कि उद्योग और शैक्षणिक संस्थान मिलकर क्रिएटिविटी एवं इन्नोवेटिव तरीके कार्यशैली में लाएं तथा एक दूसरे के लिए विकास में भागीदार बने। उन्होंने अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज को कॉलेज के साथ जोड़ने का भी आह्वान किया। मुकेश व्यास आई एस टी डी जयपुर चैप्टर चेयरमैन ने चैप्टर द्वारा आयोजित ट्रेनर्स कंपटीशन को अगले वर्षों मैं और भी अधिक विस्तार से तथा बड़े स्तर पर आयोजित करने की कार्य योजना बनाई। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने 5 मिनट के समय में टैलेंट पूल की कमी के लिए चुनौतियां विषय के बारे में अपने एक्सपर्ट वक्तव्य देना था तथा जूरी और ऑडियंस ने भी सभी स्पीकर से मुद्दे से संबंधित सवाल किए। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ अनुपम जैन, डॉ वंदना, सुश्री राजश्री थे ।

